


गुरु नानक कॉलेज के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 25 अगस्त 2025 को "युद्ध की कीमत: मानवीय पीड़ा बनाम राजनीतिक खेल" विषय पर विभागीय समूह चर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने युद्ध की विभीषिका, उससे जुड़ी मानवीय त्रासदी तथा राजनीतिक स्वार्थों पर आधारित दृष्टिकोण पर गहन विचार-विमर्श प्रस्तुत किया। अध्यक्षीय भाषण में गुरु नानक कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. रंजना दास ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की और इस प्रकार के कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की विशेष अतिथि के रूप में डॉ. सुमिता तिवारी (राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष, एस.एस.एल.एन.टी. महिला महाविद्यालय, धनबाद) उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि युद्ध हमेशा आम जनता को सर्वाधिक पीड़ा देता है जबकि राजनीतिक निर्णयकर्ता सुरक्षित रहते हैं। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया कि वे मानवीय दृष्टिकोण से युद्ध और शांति के प्रश्नों पर चिंतन करें।

प्रोफेसर दीपक कुमार (प्रोफेसर इनचार्ज भुदा परिसर) ने युद्ध के कारण उत्पन्न मानवीय संकट और राजनीतिक रणनीतियों के बीच के विरोधाभास को उजागर किया। चर्चा में विभाग के छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। विद्यार्थियों ने यह भी बताया कि कैसे इतिहास गवाह है कि युद्ध ने समाज की संरचना को तोड़ते हुए लाखों जीवन को संकट में डाला है। इस कार्यक्रम में लगभग 100 से भी अधिक छात्रों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष डॉ. मीना मलखंडी द्वारा की गई तथा मंच संचालन प्रोफेसर सिमरन छाबड़ा ने किया। इस अवसर पर राजनीति शास्त्र विभाग की प्राध्यापक  डॉ. नीता ओझा और प्रोफेसर नमिता कुमारी भी उपस्थित रहीं।

इस कार्यक्रम में प्रोफेसर संतोष कुमार, प्रोफेसर दलजीत सिंह, प्रोफेसर अभिषेक कुमार, प्रोफेसर किरण कुमारी, प्रोफेसर मुकेश कुमार, लाइब्रेरियन नुसरत सहित अन्य प्राध्यापक भी सम्मिलित हुए। साथ ही नरेंद्र सिंह और पंकज कुमार प्रसाद की उपस्थिति भी रही।




Department of Political Science
DEPARTMENTAL
GROUP DISCUSSION
Galaxy M35 5G Apd
25 August 2025 14:41




DEPARTMENT








GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
Hirapur, Shitala Colony Rd, Bhuda Colony, Dhanbad,
Jharkhand 826004, India
Lat 23.782967° Long 86.448784°
25/08/2025 02:05 PM GMT +05:30
KOREAN WAR


VIETNAM WAR
KOREAN WAR
GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
Hirapur, Shitala Colony Rd, Bhuda Colony, Dhanbad,
Jharkhand 826004, India
Lat 23.782967° Long 86.448784°
25/08/2025 02:12 PM GMT +05:30


VIETNAM WAR
KOREAN WAR
GPS Map Camera
Dhanbad, Jharkhand, India
Hirapur, Shitala Colony Rd, Bhuda Colony, Dhanbad,
Jharkhand 826004, India
Lat 23.782967° Long 86.448784°

# NEWS CLIPING

## गुरु नानक कॉलेज में परिचर्चा

धनबाद। गुरु नानक कॉलेज के राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से सोमवार को युद्ध की कीमत : मानवीय पीड़ा बनाम राजनीतिक खेल विषय पर समूह चर्चा हुई। इसमें छात्र-छात्राओं ने युद्ध की विभीषिका, उससे जुड़ी मानवीय त्रासदी व राजनीतिक स्वार्थों पर आधारित दृष्टिकोण पर विचार-विमर्श किया। डॉ. सुमिता तिवारी ने कहा कि युद्ध हमेशा आम जनता को सर्वाधिक पीड़ा देता है। जबकि राजनीतिक निर्णयकर्ता सुरक्षित रहते हैं।

DAINIK BHASKAR

DATED :- 26-08-25

## युद्ध की कीमत विषय पर समूह चर्चा

धनबाद। गुरुनानक कॉलेज के राजनीति शास्त्र विभाग की ओर से सोमवार को युद्ध की कीमत: मानवीय पीड़ा बनाम राजनीतिक खेल विषय पर विभागीय समूह चर्चा का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने युद्ध की विभीषिका, उससे जुड़ी मानवीय त्रासदी तथा राजनीतिक स्वार्थों पर आधारित दृष्टिकोण पर विमर्श प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ रंजना दास ने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना की। विशेष अतिथि डॉ सुमिता तिवारी (राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष, एसएसएलएनटी धनबाद) ने कहा कि युद्ध हमेशा आम जनता को सर्वाधिक पीड़ा देता है जबकि राजनीतिक निर्णयकर्ता सुरक्षित रहते हैं। मौके पर प्रो. दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ मीना मलखंडी मौजूद थे।

HINDUSTAN

DATED :- 26-08-25

## गुरुनानक कॉलेज में 'युद्ध की कीमत' विषय पर समूह चर्चा का आयोजन



धनबाद. गुरुनानक कॉलेज के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा 'युद्ध की कीमत: मानवीय पीड़ा बनाम राजनीतिक खेल' पर विभागीय समूह चर्चा आयोजित की गयी. कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने युद्ध से उपजी मानवीय त्रासदी और राजनीतिक स्वार्थों पर विचार रखे. अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ रंजना दास ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की. विशेष अतिथि एसएसएलएनटी महिला कॉलज के राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ सुमिता तिवारी ने कहा कि युद्ध की सबसे बड़ी कीमत आम जनता चुकाती है, जबकि राजनीतिक नेतृत्व सुरक्षित रहता है. प्रो. दीपक कुमार ने युद्धजनित संकट और राजनीतिक रणनीतियों के विरोधाभास पर प्रकाश डाला. संचालन प्रो. सिमरन छाबड़ा ने किया. इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ मीना मालखंडी सहित कई प्राध्यापक एवं अतिथि उपस्थित थे.

PRABHAT KHABAR

DATED :- 26-08-25

## गुरु नानक कॉलेज में 'युद्ध की कीमत' विषय पर विभागीय समूह चर्चा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** गुरु नानक कॉलेज के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा 25 अगस्त 2025 को 'युद्ध की कीमतः मानवीय पीड़ा बनाम राजनीतिक खेल' विषय पर विभागीय समूह चर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने युद्ध की विभीषिका, मानवीय त्रासदी और राजनीतिक स्वार्थों पर गहन विचार प्रस्तुत किए। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. डॉ. रंजना दास ने अध्यक्षीय भाषण में विद्यार्थियों की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। विशेष अतिथि डॉ. सुमिता तिवारी (विभागाध्यक्ष, राजनीति शास्त्र, एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय, धनबाद) ने कहा कि युद्ध का सबसे बड़ा शिकार आम जनता होती है जबकि राजनीतिक निर्णयकर्ता सुरक्षित रहते हैं। प्रो. दीपक कुमार (प्रोफेसर इनचार्ज, भुदा परिसर) ने युद्ध से उपजे मानवीय संकट और राजनीतिक रणनीतियों के विरोधाभास पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन प्रो. सिमरन छाबड़ा ने किया जबकि उद्घाटन विभागाध्यक्ष डॉ. मीना मलखंडी ने किया। इसमें लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

KHABAR MANTRA

DATED :- 26-08-25